# सुविवि: इंटर कॉलेज एथलेटिक्स प्रतियोगिता संपन्न

उदयपुर| सुविवि की इंटर कॉलेज एथलेटिक्स प्रतियोगिता का तीसरे दिन सोमवार को समापन हुआ। मुख्य अतिथि जिला खेल अधिकारी डॉ. महेश पालीवाल, विशिष्ट अतिथि विश्वविद्यालय क्रीड़ा मंडल के अध्यक्ष प्रो. नीरज शर्मा,

उपजिला शारीरिक शिक्षा अधिकारी लक्ष्मण सालवी थे। कार्यक्रम में डॉ. पालीवाल ने कहा कि खिलाड़ी अपनी मेहनत व लगन के बल पर अंतरराष्ट्रीय स्तर में देश का नाम रोशन करता है। जो लोग मेहनत करना नहीं छोड़ते हैं, उन्हें भविष्य में उत्कृष्ट परिणाम मिलते हैं। सचिव डॉ. भीमराज पटेल ने बताया कि महिला वर्ग में प्रथम स्थान सामाजिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय, द्वितीय स्थान रविंद्र नाथ टैगोर महाविद्यालय कपासन और तृतीय स्थान राजकीय महाविद्यालय मावली को मिला। पुरुष वर्ग में प्रथम स्थान रविंद्र नाथ टैगोर महाविद्यालय कपासन, द्वितीय स्थान ऐश्वर्या महाविद्यालय उदयपुर और तृतीय स्थान सामाजिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय को मिला।